हरियाणा ने जीती राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी ट्रॉफी

चर्चा में क्यों?

29 अक्तूबर, 2021 को हरियाणा ने मेज़बान झारखंड को हराकर 11वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम की। हरियाणा झारखंड को 3-2 से हराकर चैंपियन बना।

प्रमुख बिंदु

- फाइनल मुकाबले में नीलम ने विजेता हरियाणा के लिये 9वें, 19वें और 21वें मिनट में गोल किया। झारखंड टीम की ओर से पाँचवें मिनट में दीपिका सोरेंग ने तथा 39वें मिनट में रोपानी कुमारी ने गोल किया।
- कांस्य पदक के लिये खेले गए मुकाबले में महाराष्ट्र ने चंडीगढ़ को 6-2 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।
- मैच की समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि खेल मंत्री हाफिज़ुल हसन अंसारी ने तीनों पदक विजेता टीमों और टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पदक देकर सम्मानित किया।
- गौरतलब है कि 11वें राष्ट्रीय महिला जूनियर हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 20 अक्तूबर, 2021 से 29 अक्तूबर, 2021 तक झारखंड के सिमडेगा ज़िले में किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-junior-women-hockey-trophy